आपको निष्क्रिय क्षय रोग (टीबी) संक्रमण के लिए अपनी दवा के बारे में क्या जानने की ज़रूरत है

RIFAMPIN (रिफंपिन)

आपकी निष्क्रिय क्षय रोग (टीबी) संक्रमण का उपचार करने के लिए आपको दवा दी गई है। आपको टीबी रोग नहीं है और आप दूसरों तक टीबी नहीं फैला सकते। यह दवा आपको टीबी रोग होने से रोकने में मदद करेगी।

जब इस दवा को ले रहे हों तो:

- अपने डॉक्टर या नर्स को बताएं यदि आपके दवा से संबंधित कोई सवाल या चिंताएं हैं।
- अपनी निर्धारित क्लिनिक विज़िट पर जाएं।
- किसी अल्कोहल उपयोग के बारे में अपने डॉक्टर के साथ चर्चा करें। अल्कोहल का उपयोग दुष्प्रभाव का कारण बन सकता है।
- अपने डॉक्टर को उन सभी अन्य दवाओं के बारे में बताएं जिन्हें आप ले रहे हैं।

  अपने अन्य डॉक्टरों को यह बताना सुनिश्चित करें कि आपके निष्क्रिय टीबी संक्रमण का इलाज किया जा रहा है।
- अपनी सारी दवाएं वैसे ही लें जिस तरह आपको आपके टीबी डॉक्टर या नर्स ने बताया हो।
- कुछ लोगों में ऐसा होता है कि भोजन के साथ ली गई दवा उन्हें कम प्रभावित करती है।

अपनी दवा लेने में आपकी मदद के लिए सुझाव:

- ✓ अपनी दवा हर दिन एक ही समय पर लें।
- ✓ जब आपको अपनी दवा लेनी हो, तब उस समय के लिए अलार्म रिमाइंडर सेट करें।
- ✓ परिवार के किसी सदस्य या मित्र को याद दिलाने के लिए कहें।
- ✓ दवा बॉक्स का उपयोग करें।
- ✓ अपने आईने या फ्रिज पर रिमाइंडर नोट रखें।
- ✓ जब आप अपनी दवा लेते हैं तो उस दिन पर निशान लगाने के लिए कैलेंडर का उपयोग करें।

निष्क्रिय टीबी संक्रमण दवा समय-सारणी:

(प्रदाता: गोलियों की उपयुक्त संख्या को दर्शाएं)

दवा	समय-सारणी	प्रति दिन गोलियों की संख्या	समयावधि
रिफंपिन	प्रतिदिन		4 महीने

आपका डॉक्टर आपकी दवा देने के लिए आपको शायद किसी स्वास्थ्य देखभाल कर्मी से मिलाएगा। इस योजना को प्रत्यक्ष प्रेक्षित थिरैपी (DOT) कहा जाता है।

अगर आप अपनी दवा लेना भूल जाते हैं: अगर अभी भी वही दिन है, तो जैसे ही याद आए अपनी खुराक ले लें। एक ही समय पर 2 खुराकें न लें।

ध्यान दें
मेरे डॉक्टर का नाम:____________________ मेरे क्लिनिक का नाम:____________________ मेरे क्लिनिक का टेलीफोन नंबर:____________________

इन संभावित समस्याओं पर नज़र रखें:

तुरंत अपनी दवा लेना **बंद** करें **और** अपने टीबी डॉक्टर या नर्स को फोन करें, यदि आपको नीचे दिए में से कोई समस्याएँ हों:

- कम भूख, या भोजन के लिए कोई भूख न होना
- पेट में गड़बड़ी (अजीर्ण) या पेट में ऐंठन
- मतली या उलटी होना
- हल्के काले रंग का मूत्र या हल्का पीला मल आना
- हल्की खरोंच या खून बहना
- ददोरा या खुजली
- त्वचा या आँखों का पीला होना
- गंभीर कमजोरी या थकान
- बुखार
- सिर या शरीर में दर्द
- चक्कर आना

ध्यान दें: यदि आपका मूत्र, लार, या आँसू नारंगी रंग के हो जाते हैं तो यह सामान्य है। सॉफ्ट कॉन्टैक्ट लेंस दागदार हो सकते हैं।

Centers for Disease Control and Prevention Division of Tuberculosis Elimination से अनुकूलित जानकारी

SNTC को एक cooperative agreement #U52PS004089 केमा ध्यम से Centers for Disease Control and Prevention द्म रा वित्त पोषित किया

Southeastern National Tuberculosis Center | UF UNIVERSITY of FLORIDA

Published 2018 – Hindi